# MoEFCC Misuses Environmental Protection Powers; Dilutes CRZ to facilitate mega projects on the coast

Chennai: In a perversion of environmental protection laws in India, the Ministry of Environment, Forests and Climate Change has used clauses meant for strengthening provisions of existing legislations to bring in yet another dilution of the Coastal Regulation Zone Notification 2011. The amendment, dated 02/07/2018 removes all administrative powers given to the "Hazard Line" within the CRZ Framework, reducing the hazard line to merely a tool that has to be taken into account while planning. The sprit of the CRZ notification, that introduced the hazard line as a way forward for sustainable coastal planning as been misused.

The need for hazard mapping for coastal planning gained relevance after the 2004 Indian Ocean Tsunami when, unsustainable development activities and its associated coastal degradation led to widespread inundation, loss of ecosystems, coastal habitats, infrastructure, property and life.

Ecologically Sensitive Areas (ESAs), earmarked as CRZ I, requiring most protection under the notification have also been opened up for "Strategic", "Defence" and "Projects of National Importance". However, definitions for these words have not been laid out. Mega flagship projects like "Sagarmala", "Bharatmala" and "Smart Cities" have been touted to be multi-million dollar strategic projects of GoI. The lack of clarity about what makes a project strategic could mean that mega corporations can enjoy impunity while setting up destructive development on India's coastline

Allowing facilities of such projects to come up unregulated in CRZ Areas I Ecologically Sensitive Areas is hazardous and is bound to degrade the marine ecology, coastal environment, coastal land use, livelihoods and the aesthetic uses of the sea coast. Both these changes were proposed via the Draft Coastal Regulation Zone Notification 2018, which faced massive objections and criticism from fisherfolk, civil society groups among others.

The latest amendment can be accessed at - http://envfor.nic.in/sites/default/files/S.O.3197(E)-AMENDMENT%20IN%20CRZ%20NOTIFICATION%20.pdf

For More Information, contact:
Pooja Kumar – 9791122180
Saravanan K – 9176331717

மத்திய சுற்றுச்சூழல் துறைக்கு கொடுக்கப்பட்ட அதிகாரத்தை பெரிய திட்டங்களை கொண்டுவர தவறாக பயன்படுத்தி கடற்கரை ஒழுங்குமுறை மண்டல அறிவிப்பாணை (CRZ) -2011யை வழுயிலக்க செய்ய பார்கின்றனர்.

சென்னை : மத்திய சுற்றுச்சூ ழல் துறைக்கு சுற்றுச்சூழலை பாதுகாக்க கொடுக்கப்ப ட்ட அதிகாரத்தை தவறாக பயன்படுத்தி CRZ-2011 அறிவிப்பாணையை வழுயிலக்க செய்துள்ளனர். 02.ஜீலை.2018 அன்று கொண்டுவந்த இந்த திருத்தத்தில் அபாயக்கோடுக்கு இருந்த அதிகாரப்பூர்வ சக்தியை குறைத்து, திட்டமிடலில் மட்டுமே ஒரு கருவியாக காண்பிக்கின்றனர். அபாயக்கோடு என்பது சிறான வளர்ச்சி (ம) கடற்கரை திட்டமிடலுக்காக கொண்டுவரப்பட்டது. ஆனால் இந்த திருத்தம் இதற்கு நேர்மாறாக அமைந்துள்ளது.

2004- சுனாமியில் ஏற்பட்ட உயீர் இழப்பு, கடற்கரை சூழலுக்கு பாதிப்பு, வாழ்விடத்திற்கு பாதிப்பு, வெள்ள பாதிப்பை வைத்து கடற்கரை திட்டமிடலில் அபாயக்கோடுக்கான முக்கிய துவம் கண்டறிந்தோம்.

CRZ-2011 கீழ் அதிகபடியாக பாதுகாப்பு கொடுத்துள்ள, CRZ-I னாக கருதபடுகின்ற எளிதில் பாதிக்கக்கூ டிய சுற்றுச்சூழல் முக்கியதுவம் வாய்ந்த இடங்களில் யூத்திவாய்ந்த திட்டங்கள், பாதுகாப்பு திட்டங்கள், தேசிய முக்கிய துவம் வாய்ந்த திட்டங்களுக்கு இந்த திருத்தம் வழிவகை செய்கிறது. ஆனால் இந்த வார்த்தைகளுக்கு ஆர்த்தம் கொடுக்கப்படவில்லை. அரசினுடைய மிக பெரிய திட்டங்களான பாரத்மாலா, சாகர்மாலா, சுமார்ட் சிட்டி யுத்திவாய்ந்த திட்டமாக கூறிவரும் நிலையில் யுத்திவாய்ந்த திட்டம் என்ன என்ற தெளிவு இல்லாத்தை பயன்படுத்தி பெரிய கார்பேர்ட் நிறுவனங்கள் இந்திய கடற்கரையை அழிவுக்கான வளர்ச்சியை செயல்படுத்த முடியும்.

இத்தகைய திட்டங்களை CRZ பகுதியில் கட்டுப்பாடில்லாமல் அனுமதித்தால் சுற்றுச்சூழல் ரீதியாக எளிதில் பாதிக்கக்கூடிய இடங்கள், கடல் சூழல், கடலோர சூழல், கடலோர நில பயன்பாடு, வாழ்வாதாரங்கள் மற்றும் கடற்கரையின் பயன்பாடுகளை சீர்குலைக்கும். இந்த மாற்றங்கள் இரண்டும் வரைவு கடற்கரை ஒழுங்குமுறை மண்டல அறிவிப்பாணை - 2018ன் வழியாக ஏற்கனவே முன்மொழியப்பட்டது. இதில் மீனவர்கள், சமூக ஆர்வளர்கள் கடுமையான ஆட்சேபனைகள் மற்றும் விமர்சனங்களையும் பதிவு செய்துள்ளது என்பது குறிபிடத்க்கதாகும்.

இந்த திருத்தத்தை அனுக:- http://envfor.nic.in/sites/default/files/S.O.3197(E)-AMENDMENT%20IN%20CRZ%20NOTIFICATION%20.pdf

மேலும் விவரங்களுக்கு :

பூஜாக்குமார் : 9791122180
கா.சரவணன் : 9176331717

रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

| | |
|---|---|
| सं. 2448] | नई दिल्ली, सोमवार, जुलाई 2, 2018/आषाढ़ 11, 1940 |
| No. 2448] | NEW DELHI, MONDAY, JULY 2, 2018/ASHADHA 11, 1940 |


**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**

**अधिसूचना**

नई दिल्ली, 2 जुलाई, 2018

**का.आ. 3197(अ).**—केंद्रीय सरकार ने भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. संख्यांक 19 (अ), तारीख 6 जनवरी, 2011 (जिसे इसमें इसके पश्चात् तटीय विनियम जोन अधिसूचना, 2011 कहा गया है) द्वारा कतिपय तटीय खंडों को तटीय विनियम जोन के रुप में घोषित किया था और उक्त जोन में उद्योगों, प्रचालनों और प्रसंस्करणों की स्थापना और उनका विस्तार करने पर निर्बंधन अधिरोपित किए थे;

और, रक्षा संगठनों से कतिपय क्षेत्रों जो सामरिक अपेक्षा और राष्ट्रीय महत्व के हैं में सुविधाओं की अवस्थिति के लिए तटीय विनियम जोन अधिसूचना 2011 के अधीन समर्थकारी उपबंध बनाने के लिए प्रतिवेदन प्राप्त हुए हैं;

और, पणधारियों के अतिरिक्त् विभिन्न तटीय राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों से समुद्रीय और तटीय पारिस्थितिक प्रणाली के प्रबंधन और संरक्षण, तटीय क्षेत्रों में पारिस्थितिक पर्यटन, जीवन यापन विकल्पों के विकास और तटीय समुदायों के धारणीय विकास आदि के संबंध में तटीय विनियम जोन अधिसूचना 2011 के कतिपय उपबंधों के संबंध में भी प्रतिवेदन प्राप्त हुए हैं ;

और, विभिन्न राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों तथा पणधारियों ने पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से तटीय पर्यावरण से संबंधित मामले और तटीय विनियम जोन अधिसूचना 2011 के संबंध में धारणीय विकास को संबोधित करने का अनुरोध किया है;

और, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने तटीय विनियम जोन अधिसूचना 2011 के संबंध में तटीय राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों तथा विभिन्न पणधारियों के विभिन्न मुददों और मामलों की परीक्षा करने और उक्त अधिसूचना में समुचित परिवर्तन करने की सिफारिश करने के लिए डा. शैलेश नायक की अध्यक्षता में समिति गठित की थी;

और, डा. शैलेश नायक समिति द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट की मंत्रालय ने परीक्षा की है और इस संबंध में विभिन्न पणधारियों से परामर्श किया गया है;

और, केंद्रीय सरकार की पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (4) के उपबंधों को ध्यान में रखते हुए यह राय है कि तटीय विनियम जोन अधिसूचना 2011 का संशोधन करने के लिए उक्त नियमों के नियम 5 के उपनियम (3) के खंड (क) के अधीन सूचना की अपेक्षा से अभिमुक्ति प्रदान करना लोकहित में है;

अब, केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (4) के खंड (घ) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1) और उपधारा (2) के खंड (v) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तटीय विनियम जोन अधिसूचना, 2011 का निम्नलिखित और संशोधन करती है:-

(क) आरंभिक पैरा में उपपैरा (iii) को हटाया जाएगा और उप पैरा (iv) और (v) को (iii) और (iv) के रुप में पुन: संख्यांकित किया जाएगा ।

(ख) पैरा 5 के उपपैरा (iii) (iv) और (v) के स्थान पर निम्नलिखित उपपैरा रखे जाएंगे, अर्थात् :-

"(iii) परिसंकटमय रेखा" जल स्तर घटत-बढ़त के कारण भूमि क्षेत्र पर बाढ़ के विस्तार, समुद्र तल में वृद्धि और समय के साथ समुद्र तट रेखा में घटित परिवर्तन (अपरदन या वृद्धि) को हिसाब में लेते हुए सीमांकित की जाएगी और तटीय राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के साथ धारणीय तटीय प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय केंद्र, चेन्नई के माध्यम से साझा की जाएगी ;

(iv) परिसंकटमय रेखा तटीय पर्यावरण जिसके अंतर्गत अनुकूल और अल्पीकरण करने वाले उपायों की योजना भी है के लिए आपदा प्रबंधन योजना के औजार के रुप में प्रयुक्त की जाएगी

(v) तटीय समुदायों की संवेदनशीलता को कम करने और धारणीय जीवनयापन को सुनिश्चित करने की दृष्टि से तटीय जोन प्रबंधन योजना (सीजैडएमपी) बनाते समय परिसंकटमय रेखा और एचटीएल के मध्यक्षेत्र के लिए भूमि उपयोग की योजना को जलवायु परिवर्तन और समुद्र तट रेखा परिवर्तन के ऐसे प्रभावों को हिसाब में लिया जाएगा ।

(ग) पैरा 8 में शीर्षक "I. सीआरजैड–I. के खंड (i) में उपखंड (च) के पश्चात् निम्नलिखित खंड अंत:स्थापित किया जाएगा,

"(छ) रक्षा संगठनों से संबंधित योजनाएं जो सामरिक अपेक्षाओं और राष्ट्रीय महत्व की है तथा जिन्हें कहीं और नहीं ले जाया जा सकता वह कठोर पर्यावरणीय सुरक्षा के अध्यधीन रहते हुए होगी ।

[फा. सं. 19-27/2015-आईए-III(भाग)]

रितेश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव

**टिप्पण** : मूल अधिसूचना भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उपखंड (ii) में का.आ. संख्यांक 19(अ), तारीख 6 जनवरी, 2011 द्वारा प्रकाशित की गई थी । और तत्पश्चात् निम्नानुसार संशोधित की गई

1. का.आ. 2557, तारीख 22 अगस्त, 2013;
2. का.आ.1244, तारीख 30 अप्रैल, 2014;
3. का.आ. 3085, तारीख 28 नवम्बर, 2014;
4. का.आ. 383, तारीख 4 फरवरी, 2015;
5. का.आ. 556, तारीख 17 फरवरी, 2015;
6. का.आ. 938, तारीख 31 मार्च, 2015;
7. का.आ. 1599, तारीख 16 जून, 2015;
8. का.आ. 3552, तारीख 30 दिसंबर, 2015;
9. का.आ. 1212, तारीख 22 मार्च, 2016;
10. का.आ. 4162, तारीख 23 दिसंबर, 2016;
11. का.आ. 621, तारीख 23 फरवरी, 2017;और
12. का.आ. 1393, तारीख 3 मई, 2017;
13. का.आ. 2444, तारीख 31 जुलाई, 2017;
14. का.आ. 1227, तारीख 6 अक्तूबर, 2017;
15. का.आ. 1002, तारीख 6 मार्च, 2018 ।